卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 159 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦16 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## दुकानें बचाने को खून से लिखा पत्र

### धारना स्थल पर माता की चौकी भी लगाई,कल पांच सौ फीट लंबे झंडे के साथ करेंगे प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले कई दशकों से रोडवेज के आस पास





दुकानों में कारोबार कर रहे दुकानदारों द्वारा प्रशासन के अभियान से अपनी दुकानें बचाने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के तहत आज पांचवें दिन भारी संख्या में व्यापारियों ने अपने खून से मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन लिखा। इससे पूर्व रोडवेज के सामने राममनोहर लोहिया मार्केट के समक्ष सैकड़ों की संख्या में व्यापारी एकत्रित हुए। जिन्होंने अपना खून निकलवाया। जिसके पश्चात निकले गए खून से दुकानें बचाने के लिए ज्ञापन लिखा गया ज्ञापन कल जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जायेगा। धरना स्थल पर आज व्यापारियों ने माता की चौकी भी लगायी। माता की मूर्ति रखकर मौके पर भजन कीर्तन किये गये। व्यापार मंडल (शेष पृष्ठ 7 पर)

## प्रशासन की मुनादी से व्यापारियों में हड़कम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग के दोनों ओर के व्यापारियों को तत्काल दुकानों के छज्जे हटा लेने की मुनादी कराए जाने से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया। बताया जाता है की गत रात्रि करीब नौ बजे प्रशासन की ओर से मुनादी कराई गई कि मुख्य मार्ग के दोनों ओर व्यापारी अपनी दुकानों के छज्जे स्वयं हटा लें वरना विभागीय टीम द्वारा हटा दिया जाएगा। जिसका खर्चा संबंधित व्यापारी से वसूला जाएगा। मुनादी होते ही व्यापारियों में प्रशासन के प्रति उबाल हो गया। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी धरना स्थल पर एकत्रित हो गए। व्यापारियों ने प्रशासन की इस मुनादी का कड़ा विरोध किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा जब मुनादी कर रहे वाहन को वास्तविकता जानने के लिए तलाशने लगे तो वह बाजार में कहीं नजर नहीं आया। श्री जुनेजा ने कहा कि मुनादी किसकी ओर से कराई गई है स्पष्ट नहीं हो पाया। फिर भी व्यापारी इसी मुनादी से घबराने वाले नहीं हैं। प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी व्यापारियों से सीधे वार्ता कर सकते हैं। जिसके लिए व्यापारी हर समय तैयार हैं। मुनादी कराकर व्यापारियों को डराना छोड़ दे।

## सदन के बाहर कांग्रेस का फिर प्रदर्शन

देहरादून (उद संवाददाता)। विधानसभा सत्र के चौथा दिन भी कांग्रेस विधायकों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश हल्द्वानी क्षेत्र में सड़कों पर गड्ढे, बस अड्डा और अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के मुद्दों को लेकर विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे रहे। उधर सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सदन में कांग्रेस विधायक ममता राकेश के प्रश्न पर दिया आश्वासन, भगवानपुर में पीपीपी मोड पर बनेगा मेडिकल कॉलेज। हरिद्वार में राजकीय मेडिकल कॉलेज 2024-25 में बनकर तैयार होगा और कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इससे पहले बुधवार को



विधानसभा सत्र के तीसरे दिन उत्तराखंड लोक सेवा आगोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक प्रकरण को लेकर सदन में खूब हंगामा हुआ। सरकार के पक्ष से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही 16 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। वहीं सदन में विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दे पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक का मामला पूर्व कांग्रेस सरकार का है लेकिन धामी सरकार ने नकल माफिया पर पहली बार (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस विधायकों का पुतला फूंका

देहरादून(उद संवाददाता)। विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेसी विधायकों के व्यवहार से आक्रोशित भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्त्ताओं ने डोईवाला चोक पर कांग्रेस विधायकों का पुतला फूंका और उनके विरुद्ध नारेबाजी की। भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष आरती लखेडा ने कहा कि सदन में विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कांग्रेस विधायकों का व्यवहार निंदनीय है। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि सत्र में राज्य के विकास के लिए कार्य किया



जाना चाहिए था। परंतु कांग्रेस के विधायक व्यवधान डालने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व मंडल उपाध्यक्ष आशा सेमवाल ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेसी विधायकों का व्यवहार सत्र में रहा ।उससे प्रदेश की छवि खराब हुई है।सदन में राज्य के विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए । पुतला फूंकने वालों में राजेंद्र तड़ियाल, कृष्णा तडियाल, पूनम तोमर, राममूर्ति, कोमल देवी, रविंदर बेलवाल, सुबोध नौटियाल, आदेश पवार, रामकिशन,विनीत मनवाल, हेमलता जोशी,नितिन कोठारी आदि रहे।

## युवती सहित पांच लोगों ने काटा युवक का गुप्तांग

देहरादून(उद संवा)। एक महिला ने युवती सहित पांच लोगों पर उसके बेटे को नशे का आदी बनाने, मारपीट करने और बाद में उसका गुप्तांग काटने का आरोप लगाया है। वसंत विहार थाना पुलिस ने युवती सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने तहरीर में कहा कि उसका बेटा 25 वर्ष का है।आरोपित शोएब, राजू, अंकुश नेगी, पीयूष व नेहा जोकि पहले उनके यहां किराएदार रह चुके हैं, उनके बेटे को छह महीने से नशे के इंजेक्शन देते आ रहे हैं और स्मैक का नशा करवाते थे। पांचों ने मिलकर उनके बेटे को बाहर ले जाकर कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवाए और लिखवाया है कि उनके बेटे ने पांचों से 80 लाख रुपये लिए हैं, जिसके चलते उनके बेटे को मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि होली के बाद उनकी गैर मौजूदगी में पांचों उनके घर पर घुसे और उनके बेटे को बुरी तरह से पीटते हुए उसके (शेष पृष्ठ सात पर)

## दहेजलोभियों ने विवाहिता को दुधमुंही बच्ची के साथ घर से निकाला

### पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज में दो लाख रुपयों की नकदी न मिलने पर लोभी ससुरालियों ने एक और विवाहिता को उसके मासूम बच्चे समेत मारपीट कर घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला महेशपुरा मदर कॉलोनी निवासी शना अंजुम पुत्री नईम अहमद ने बताया कि वर्ष 2021 की 17 मार्च को उसका विवाह जोशी कॉलोनी, आईपी एक्सटेंशन, पटपड़गंज निकट चर्च ईस्ट दिल्ली निवासी फरमान अहमद पुत्र स्वर्गीय जमील अहमद के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान कन्या पक्ष ने सामर्थ्य अनुसार दान दहेज भी दिया लेकिन पीड़िता का आरोप है कि उसका दांपत्य जीवन अधिक दिनों तक सुखी नहीं रह सका और शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले दो लाख रुपयों की खातिर उसे बुरी तरह प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दहेज की डिमांड पूरी ना होने पर पति फरमान, सहाना परवीन पत्नी मेहरबान अहमद, मेहरबान अहमद पुत्र अज्ञात व सायरा बानो पत्नी जमील अहमद आपस में एक राय होकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। ब्रितानी पुलिस को बताया कि प्रेगनेंसी पीरियड में भी उसके साथ उपरोक्त आरोपियों द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जाता रहा। इस बीच उसने एक बच्ची को जन्म दिया लेकिन ससुराल वालों के बर्ताव में कोई बदलाव नहीं आया। इसी क्रम में 2022 की 15 फरवरी को दहेज लोभी ससुरालियों ने 22 दिन की मासूम बच्ची के साथ विवाहिता (शेष पृष्ठ सात पर)

**कृषि भूमि बिकाऊ**

**7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी**

**लोकेशनः** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशनः गूलरभोज (6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्टः पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहरः गदरपुर (4 किमी)

okLrfod [kjhnnkj
lid djs&9891277500

## भाजपाईयों ने निकाली आभार रैली

काशीपुर(उद संवाददाता)। नकल विरोधी कानून लागू होने की खुशी में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वाधान में आभार रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नकल विरोधी कानून में पहली बार नकल का दोषी पाए जाने वाले अभ्यार्थी को 3 साल की कैद और पांच लाख का जुर्माना दूसरी बार नकल करते पाए जाने पर 10 साल की कैद व दस लाख का जुर्माना होगा। जबकि नकल को लेकर संगठित अपराध (शेष पृष्ठ सात पर)

## ईलाज से पहले पैसे मांगने पर अस्पताल में हंगामा

### ifyl u Nk= urkvk dk fgjkl r e fy;k

रुद्रपुर। किच्छा रोड स्थित गौतम अस्पताल के समीप एक सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराने और अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज से पूर्व पैसे मांगे जाने के बाद छात्र संघ नेताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। वहां पर अपनी बेटी का इलाज करा रहे मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने जब उन्हें समझाने का प्रयास किया। तो वह उनसे भी अभद्रता पर उतारू हो गए, जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने छात्रसंघ अध्यक्ष समेत अन्य को हिरासत में ले लिया। और उन्हें कोतवाली ले आए। बाद में कुछ संभ्रांत व्यक्तियों के द्वारा माफी मांगे जाने और माफीनामा लिखवाये जाने के बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार किच्छा की ओर से आ रहे रुद्रपुर छात्रसंघ अध्यक्ष और उनके साथियों ने जब सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति को देखा तो उसे इलाज के लिए किच्छा रोड स्थित गौतम अस्पताल ले आए। गौतम अस्पताल में जब उन्होंने घायल व्यक्ति के इलाज के लिए डॉक्टरों से कहा तो डॉक्टरों ने उन्हें पैसा जमा कराने के लिए कहा। तभी छात्र संघ नेता ने कहा कि वह उनके परिवार को सूचित करेंगे और पैसा जमा हो जाएगा। लेकिन पहले आप इलाज शुरू करें, लेकिन जब अस्पताल प्रबंधन ने उनकी बात नहीं मानी तो छात्र संघ के नेता वहां पर अभद्रता पर उतारू हो गए, अभद्रता बढ़ती देख जिले के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जिनकी बेटी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती थी। उन्होंने छात्र संघ के नेताओं को समझाने का प्रयास किया। छात्र संघ (शेष पृष्ठ सात पर)

## ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी के मामले में मिले अहम सुराग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भदईपुरा में ज्वैलर्स की दुकान की दीवार काट कर लाखों चोरी के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिल गये हैं। पुलिस ने घटना का जल्द खुलासा करने का दावा किया है। बता दें विम स्क्वायर कालोनी निवासी अतुल सिंह भदईपुरा स्थित सीमा ज्वैलर्स में मंगलवार की रात चोरों ने धावा बोलकर लाखों के सोने के जेवरात गायब कर लिये। दुकान स्वामी अतुल के मुताबिक चोरों ने बगल की दीवार काटकर अंदर धुसे और गैस कटर से तिजोरी काट ली। सूचना पर एसएसआई कमाल हसन, चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज खंगालें। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की वीडियो रिकॉर्डिंग कब्जे में ले ली। चौकी प्रभारी के मुताबिक चोर सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए। चोरी के मामले में पुलिस को सुराग हाथ लग गये हैं। पुलिस संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस जल्द ही चोरी का खुलासा करेगी।

# पार्क पर पुन: कब्जे का प्रयास,थाने में दी तहरीर

गदरपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास स्थित स्व. जोगेन्द्र नाथ पपनेजा पार्क वार्ड नं. 6 में पालिका स्वामित्व वाले पुराने भवन की दीवार आदि को पुन: तोड़ने एवं क्षति पहुंचाने के सम्बंध में अधिशासी अधिकारी द्वारा थाने में तहरीर देकर क्षति पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है। उधर इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना गदरपुर को एक तहरीर दी गयी है। जिसमें कहा गया कि राजेन्द्र कुमार सफाई नायक नगरपालिका परिषद गदरपुर की रिपोर्ट 9 मार्च 2023 द्वारा अगवत कराया गया है कि को प्रात: अपने कार्य क्षेत्र में सफाई कार्य देखने के लिए भ्रमण कर रहा था। जब वह वार्ड नंबर 6 आवास विकास में गया तब पाया गया कि नगरपालिका परिषद गदरपुर को हस्तान्तरित स्व. जोगेन्द्रनाथ पपनेजा पार्क, ग्रोवर बारात के घर के सामने स्थित टीन शैड की दीवार टूटी पड़ी है तथा उसकी ईटें गायब है तथा पालिका की सम्पत्ति पर कब्जा करने व क्षति पहुंचाने की पुन: कुचेष्टा की गयी है। तहरीर में कहा गया कि पूर्व में भी आपको पत्रांक 799/प्र. सू/2023 दिनांक 9/03/2023 को दर्ज करा दी गयी थी। तहरीर में कहा गया कि सूचना के आधार पर आवास विकास स्थित स्व. स्व. जोगेन्द्र नाथ पपनेजा पार्क वार्ड नं. 6 में पालिका के स्वामित्व वाले पुराने भवन व दीवार आदि को तोड़ने एवं क्षति पहुंचाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जाये। वहीं इस सम्बंध में जब पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस से जानकारी ली गयी तो उनका कहना था कि उक्त वार्ड मे जो पार्क है वह पालिका प्रशासन के स्वामित्व में है कुछ लोग उस पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है जब पता चला तो इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। इस संबंध में थाने में भी अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी गयी है। कुछ वर्ष पूर्व भी कुछ दबंग किस्म के लोगों द्वारा उक्त जगह पर कब्जे का प्रयास करते हुए ईट रेत आदि लाकर निर्माण करके कब्जे का प्रयास किया जा चुका है स जिसे मोहल्ला वासियों ने प्रशासन के सहयोग से असफल कर दिया था।



# अटरिया मेले के आयोजन को लेकर एसडीएम से मिला शिष्ट मंडल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अटरिया मंदिर में मेले के आयोजन को लेकर महंत माता पुष्पा देवी ने शिष्ट मण्डल के साथ एसडीएम से मुलाकात कर माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन कराये जाने की मांग की। बता दें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अटरिया मेले का आयोजन 29 मार्च से होना है। महंत पुष्पा देवी ने कहा कि कुछ पूर्व ठेकेदार मेले में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि न्यायालय ने स्पष्ट आदेश देकर पूर्व ठेकेदारों को मेला भूमि के आसपास मेला ठेका वसूलने, मुंडन ठेका वसूलने, दुकान लगाने या किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप करने से निषिध किया है। फिर भी वह लोग फिर से शासन-प्रशासन को गुमराह करके एक ऐसी भूमि पर मेला लगाने की योजना बना रहे हैं जो कि विवादित भूमि है। शिष्ट मण्डल ने बताया कि उक्त लोगों की ना तो कोई पंजीकृत संस्था है और ना ही उक्त लोगों के पास कोई ऐसी भूमि है जो विवादित ना हो। उनकी सभी भूमियों के विवाद न्यायालय में विचाराधीन है ऐसे में किसी भी भूमि पर मेला लगाने की अनुमति दिया जाना न्याय संगत नहीं है। पुष्पा देवी ने बताया श्री अटरिया देवी वैष्णव धर्म सभा एक धार्मिक पंजीकृत संस्था है जो कि वर्ष 1981-1982 से पंजीकृत है इसी के संरक्षण में हमेशा मेले का आयोजन होता आया है उक्त संस्था का पंजीकृत संख्या नंबर 1798/1981-1982 है जो कि 24 जून 2025 तक नवीनीकृत है। महंत पुष्पा देवी ने उप जिलाधिकारी से न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए किसी भी विवादित भूमि पर मेला लगाने की अनुमति प्रदान करने की मांग की। इस दौरान किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल चौहान, मां अटरिया देवी मंदिर के सचिव अरविंद शर्मा, पार्षद बबलू सागर, भाजपा नेता राकेश सिंह, अशोक यादव आदि थे।



# शिव अरोरा ने उठाया लव जेहाद लेंड जेहाद का मुद्दा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गैरसेंण विधानसभा सत्र के तीसरे विधानसभा सदन में पहली बार देवभूमि में बढ़ते लवजिहाद ओर लैंड जिहाद से देवभूमि में होने वाले जनसंख्या असंतुलन पर सरंक्षण एव सवर्धन जैसे गभीर विषय को रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने प्रमुखता से उठाया।विधायक शिव अरोरा ने कहा देवभूमि उत्तराखंड जिसका गौरव जिसकी पवित्रता का साक्षी पूरा देश ही नही पूरा विश्व है लेकिन कुछ समय से देवभूमि में ये लव जेहादी और लैंड जेहादी ताकतों का उत्तराखंड में सक्रिय होना और इनकी सक्रियता से देवभूमि में जनसंख्या का असंतुलन दैवीय चरित्र पर आघात करने का प्रयास अनवरत किया जा रहा है। विधायक शिव अरोरा ने सदन के माध्यम से सरकार से कहा रुद्रपुर विधानसभा सीमांत विधानसभा है जिसकी सीमा रामपुर मुरादाबाद आदि सम्प्रदायिक रूप से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्रों से लगी हुई है साथ ही गत कई वर्षो से योजनाबद्ध तरीके से सरकारी गैर सरकारी भूमि पर ऐसी जेहादी ताकतों द्वारा निरन्तर कब्जा करना देवभूमि की आध्यात्मिक संस्कृति को क्षति पहुंचाने एव जिहादी मनोवृत्ति के साथ हमारी देवभूमि की संस्कृति पर आक्रमण कर जनसंख्या असंतुलन पैदा कर रहे हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा ऐसी जेहादी ताकते समय समय पर सम्प्रदायिक माहौल खराब करने एवं लव जेहाद जैसे षडयंत्र किये जाते हैं, इन जेहादी ताकतों द्वारा समय समय पर घुसपैठ करने से जनसंख्या असंतुलन की समस्या उत्पन्न हो गयी और साथ ही अपराधों में भी बढ़ोतरी हुई है । विधायक ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए सरकार से कहा कि युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर इन जेहादी मनोवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर देवभूमि को संरक्षित किये जाने की आवश्यकता है, जनसंख्या असंतुलन भूमि कब्जा, सम्प्रदायिक तनाव का बढ़ना एव लव जेहाद के कारण ही हमारी बहन बेटियां का असुरक्षित होना एक गभीर चुनौती बन गया है जिसका स्थायी समाधान होना बेहद महत्वपूर्ण है। वही विधायक शिव अरोरा ने कहा घुसपैठ रोकने के लिये वैज्ञानिक व्यवस्था प्रशासनिक सक्रियता एवं जन जगरण का युद्ध स्तर पर चलाये जाने से ही देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति परम्पराओं को संरक्षित किया जा सकता है। विधायक ने कहा उनको पूर्ण विश्वास है सरकार इस लोक महत्व से जुड़े अत्यंत गम्भीर विषय पर विचार करते हुए इसके निस्तारण करेगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा हिंदू की रक्षा के लिये वह सदैव मुखर होकर हमारे आगे रहे हैं और ऐसी जेहादी ताकतों को पहले भी खदेड़ा है और आगे भी इनके मंसूबो को कभी कामयाब नही होने ओर साथ ही इसके खिलाफ अपनी आवाज इसके खिलाफ उठाते रहेंगे।



# एनएसएस छात्राओं ने निकाली मतदाता जन जागरण रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के चतुर्थ दिवस के शिविर का शुभारंभ डा. सुगंधा भारद्वाज एवं प्राचार्य डा. सतविंदर कौर द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। जिसके उपरांत डा. सतविंदर कौर ने छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार बताया। एनएसएस छात्राओं ने सर्वोदय नगर में जाकर मतदाता जन जागरण रैली निकाली। जिसमें छात्राओं ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करके उनको मतदान के महत्व के बारे में बताया कि 18 वर्ष की आयु से मतदान किया जाता है। रैली की संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. सुगंधा भारद्वाज ने किया। रैली में रश्मि, कोमल, गायत्री, काजल आदि ने प्रतिभाग किया।




# देवर्षि पेपर मिल में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर हैल्पर की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर ट्रक के खलासी की झुलस कर दर्दनाक मृत्यु हो गई। हादसा जसपुर रोड स्थित देवर्षी पेपर मिल में बीते दिवस घटित हुआ। घटना के घटते ही पेपर मिल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए अंत्य परीक्षण के लिए पीएम हाउस भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रबंधन की लापरवाही के कारण हादसा घटित हुआ। जानकारी के अनुसार जसपुर रोड पर स्थित देवर्षी पेपर मिल से मुरादाबाद के ग्राम जटपुरा स्थित गोल्डन ट्रांसपोर्ट के ट्रक संख्या यूपी 21 सी 5545 में बुधवार को मिल का तैयार क्राप्ट पेपर रोल लोड किया। बताया जा रहा है कि ठाकुरद्वारा के ग्राम नाखुनका निवासी ट्रक चालक अय्यूब अली मंगलवार की शाम ट्रक मिल में खड़ा कर अपने घर आ गया और अपने क्लीनर शिवपाल सिंह (22) पुत्र सोमपाल सिंह निवासी ग्राम गक्खरपुर, थाना डिलारी, जिला मुरादाबाद को ट्रक पर छोड़ गया। बुधवार सुबह ट्रक में पेपर रोल लोड कर उसपर त्रिपाल लगाने शिवपाल जैसे ही ट्रक के ऊपर चढ़ा तो उपर से गुजर रही बिजली की हाइटेंशन लाइन पर उसका हाथ लग गया और तेज धमाके के साथ आग लग गई। जिससे शिवपाल की दर्दनाक मौत हो गई । जिससे मिल कर्मियों में हड़कंप मच गया ।सूचना मिलते ही फायरकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर मिल कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया । ट्रक चालक अय्यूब अली ने बताया कि उसका क्लीनर शिवपाल करीब 20 दिन पूर्व ही उसके पास आया था । वह अविवाहित था, और वह चार भाई दो बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजन पेपर मिल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। कंपनी के जीएम नितिन से जब इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने व्यस्तता दर्शाते हुए फोन कट कर दिया।



# स्पीकर रितु खंडूरी के साथ अमर्यादित व्यवहार नारी जाति का अपमान: आशा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी के साथ कांग्रेस विधायकों का अमर्यादित व्यवहार उन समस्त महिलाओ का अपमान है जिनके संघर्ष के बलबूते उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण हुआ, कांग्रेस विधायकों का अचारण निन्दनीय है। जिसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। यह बात भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा उत्तराखण्ड की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा नौटियाल ने काशीपुर में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को स्वर्गीय सुषमा स्वराज अवार्ड प्रदान करने के दौरान पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी महिलाओं को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखती, एक महिला विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी के साथ अमर्यादित व्यवहार इस बात का प्रमाण है। आशा नौटियाल ने कहा कि सदन में कांग्रेस विधायकों के आचरण को किसी भी स्थिति में स्वीकार नही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सदन जन मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित किया जाता है, लेकिन कांग्रेस हताशा और निराशा से गुजर रही है, इसी हताशा में वह इस तरह की हरकत कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा नौटियाल ने सभी जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि कांग्रेस के विधायकों द्वारा जिस प्रकार सदन में माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती रितु खंडूरी भूषण के साथ अभद्रता की है उसकी हम सब मातृशक्ति निंदा करते हैं। कांग्रेस के विधायकों ने सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है इसलिए कभी जिलाध्यक्ष अपने-अपने जिले में कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करें। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री रेखा कुमारी ने कहा कि कांग्रेस के नेता महिलाओं का सम्मान करना जानते ही नहीं और यह कई मौकों पर साबित भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं पर अमर्यादित टिप्पणी व उनके साथ अमर्यादित व्यवहार करना कांग्रेस की पुरानी परम्परा रही है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जा सकता। उन्होने कांग्रेस के प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व से स्पीकर रितु खंडूरी जी के साथ किए गए अर्मादित व्यवहार के लिए माफी मांगने को कहा है । अन्यथा भाजपा महिला मोर्चा पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतर का आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी ।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। गोविंद नगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।क्षेत्र के ग्राम गोविंद नगर निवासी 35 वर्षीय विकास दास पुत्र विश्वनाथ दास मंगलवार देर शाम अपने घर के दीवार के उपर लगी लोहे की पाइप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के घरवालों के अनुसार विकास की पत्नी कई वर्ष पूर्व उसे छोड़कर चली गई। जिसके बाद से विकास तनाव में रहने लगा था। तनाव के चलते मंगलवार देर शाम विकास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# राजकीय खाद्यान्न भंडार का औचक निरीक्षण

काशीपुर(उद संवाददाता)। उपायुक्त खाद्य विपिन कुमार द्वारा राजकीय खाद्यान्न गोदाम काशीपुर का औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण पर उपायुक्त खाद्य द्वारा डोर स्टेप डिलीवरी हेतु नियुक्त ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए 20 मार्च तक सभी वाहनों पर जीपीएस ट्रैकर लगाने के निर्देश व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आशुतोष भट्ट व वरिष्ठ विपणन अधिकारी श्रीमती नीतू डोभाल को निर्देश दिए कि वाहनों की सख्ती से जी.पी.एस ट्रैकिंग की जाए जिससे कि राशन वितरण में पारदर्शिता लाई जा सके। उपायुक्त खाद्य द्वारा गोदाम प्रभारी वरिष्ठ/ विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आगामी माह अप्रैल का खाद्यान्न प्रत्येक दशा में 23 से 31 मार्च तक उठान कर विक्रेताओं को वितरित कर लिया जाए जिससे कि विक्रेताओं द्वारा 1 अप्रैल से कार्ड धारकों में राशन का वितरण शुरू किया जा सके ।उनके द्वारा शिथिलता बरती जाने पर कड़ी विभागीय कार्यवाही के लिए तैयार रहने को कहा गया।






वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# नीट पीजी परीक्षा पास करने पर महेंद्र और आरूषी का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। शहर के आयुषी फुटेला एवं सागर फुटेला को नीट पीजी की परीक्षा क्वालीफाई करने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उनके आवास पहुंचकर मिठाई



खिलाकर बधाई दी। बता दें कि शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी महेन्द्र फुटेला की बेटी आरुषि फुटेला (1095 रैंक) एवं अनिल फुटेला के बेटे सागर फुटेला (5955 रैंक) ने नीट पीजी की परीक्षा पास कर परिवार, समाज एवं किच्छा का मान बढ़ाया है। फुटेला परिवार के बच्चो को बधाई देने के लिए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ शास्त्री मार्केट स्थित उनके आवास पहुंचकर दोनों प्रतिभावान बच्चों को बधाई दी। आरुषि फुटेला की प्रारंभिक शिक्षा आर्यन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में हुई है तथा वर्तमान में वह डॉक्टर सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज में इंटरशिप कर रही हैं आरुषि ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं परिवार को दी है और कहा कि माता पिता एवं परिवार का सहयोग हमेशा हमें मिलता रहा है और उनका आशीर्वाद आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सागर फुटेला की प्रारंभिक शिक्षा सेंट पीटर स्कूल किच्छा में हुई है तथा वर्तमान में वह बी जे मेडिकल कॉलेज पुणे में इंटर्नशिप कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि माता पिता बचपन से ही चाहते थे कि वह डॉक्टर बने उनके आशीर्वाद से और परिवार के सहयोग से बचपन का सपना साकार किया है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने किच्छा के स्वास्थ्य और शिक्षा की सबसे ज्यादा चिंता की, रेफर सेंटर बन चुके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक साथ सर्जन, महिला चिकित्सक सहित 12 डॉक्टरों की नियुक्ति कराया। किच्छा में मॉडल डिग्री कॉलेज की स्थापना कराया। पुष्कर सिंह धामी सरकार में कुमाऊं के लिए स्वीकृत एम्स की किच्छा में स्थापना कराई, जिसके निर्माण के लिए भारत सरकार ने 700 करोड रुपए जारी कर दिया है। इस उपलब्धि के लिए राजेश शुक्ला ने फुटेला परिवार को बधाई दी। इस दौरान बधाई देने वालों में लक्ष्मण दास खुग्गर, सतीश फुटेला, महेंद्र फुटेला, अतुल गुलाटी, विकास कुमार, गौतम अरोड़ा, श्याम मेंदीरत्ता, नरेंद्र फुटेला, आशा फुटेला, ज्योति फुटेला, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, सभासद संदीप अरोरा, नगर अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, मुकेश कोली, राजेश कोली समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# नारी शिक्षा के लिए निकाली जनजागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय के तृतीय दिन शिविर का शुभारंभ प्रातः योग और एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ हुआ। एन एस एस स्वयंसेवकों के द्वारा नारी शिक्षा के बारे में जन जागरूकता फैलाने के लिए रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से नारी शिक्षा के लिए निम्न स्लोगन- भारत बढाओ, बेटी पढाओ, एक दो तीन चार, शिक्षा हैं सबका अधिकार, पढेगी बेटी तभी बढ़ेगी बेटी द्य द्वारा लोगो को जागरूक किया तथा इसके अलावा शिविरार्थीयो के द्वारा आसपास के क्षेत्रों में श्रमदान के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया गया। बौद्धिक सत्र में श्रीमती जया वर्मा (असिस्टेन्ट प्रोफेसर, फार्माकोलॉजी) द्वारा क्षेत्रवासियों से नारी शिक्षा एवं नारी शिक्षा के महत्व को साझा किया गया। इस दौरान सिक्स सिग्मा कॉलेज




ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह और सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचायललित सिंह बिष्ट जी, संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर,प्रबंधक निदेशक सी ए शिव अरोरा, निर्देशिका डा.सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, एन एस एस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चंदन सिंह राणा और एनएसएस के कोऑर्डिनेटर माननीय प्रियरंजन तिवारी, महिला कोऑर्डिनेटर शिल्पा विश्वकर्मा, नेहा मण्डल, मुनीष कुमार, कार्तिक हालदार, हर्षित सक्सेना,नित्यानन्द बिश्वास एवं दीपिका नेगी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

# दिग्गज पत्रकार वेद प्रताप के निधन पर शोक व्यक्त

देहरादून (उद संवाददाता)।उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने भारत के जाने-माने पत्रकार ,लेखक साहित्यकार ,विद्वान और हिंदी के लिए लड़ने वाले योद्धा, वैश्विक कूटनीतिज्ञ डॉक्टर वेद प्रताप वैदिक के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है । उन्होंने डॉ वेद प्रताप वैदिक को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा है कि उनके निधन से हिंदी जगत को और खास तौर पर पत्रकारिता के क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है ।उन्होंने कहा वे भारत के श्रेष्ठतम विद्वानों में से एक थे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से हिंदी भाषा के इतिहास का एक चमकदार अध्याय समाप्त हो गया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

गदरपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों से एक युवक द्वारा छत के कुंडे पर फंदा लगाकर आत्म हत्या यह जाने के मामले में पुलिस द्वारा मौके पर



पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु रुद्रपुर जिला अस्पताल भेजा गया। मृतक युवक का पिता किसी कार्य से जाफरपुर गया हुआ था। जब वह घर पहुंचा तो युवक फंदे से लटका हुआ मिला। जिससे उसके होश उड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। युवक की मौत से ग्रांव में शोक की लहर दौड़ गयी।जानकारी के अनुसार ग्राम चकरपुर निवासी वेद प्रकाश कोचर के पुत्र अंकुश कोचर (29) ने कमरे की छत में लगे कुंडे में रस्सी बांधकर आत्म हत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतक युवक का पिता वेद प्रकार कोचर करीब तीन बजे ग्राम जाफरपुर किसी कार्य पर गया था। जाते वक्त पिता ने अपने पुत्र से कहा कि शराब मत पीना। जब करीब छह बजे पिता जब घर लौटा तो उसने देखा कि उसका पुत्र बाहर नजर नही आ रहा है तो उसने कमरे की तरफ झाक कर देखा तो वह छत के कुंडे में फंदा लगाकर लटका हुआ है जिससे उसके होश उड़ गये। पिता ने तुरन्त पूर्व ग्राम प्रधान राजेन्द कोचर को जानकारी दी। घटना को सुनकर गांव के काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर थानाध्यक्ष राजेश पांडेय, एसआई महेश चन्द पुलिस टीम के साथ पहुंचे। थानाध्यक्ष ने मृतक युवक के पिता एवं लोगों से जानकारी ली। इसके उपरान्त शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। मृतक युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक अपने दो भाईयों रजत कोचर, गुलशन कोचर से बड़ा था। उसकी बड़ी बहिन की शादी हो गयी है। इस घटना से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गयी है।

# धामी सरकार का बजट निराशाजनक: गावा

रूद्रपुर। कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने धामी सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट को दिशाहीन, प्रतिगामी, विकास विरोधी तथा



मंहगाई व बेरोजगारी बढ़ाने वाला बजट बताया है। जारी बयान में हिमांशु गावा ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट में नया कुछ भी नहीं है। इस बजट में महंगाई, बेरोजगारी व पलायन रोकने के कोई प्रावधान नहीं किये गये हैं। सरकार ने सभी क्षेत्रों के लिए निराशाजनक बजट प्रस्तुत किया गया है। बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। बजट का आकार बढ़ाया गया है परन्तु आय के श्रोत नहीं बताये गये हैं। बजट में ऐसे विभाग जो गांव, गरीब, दलित व कमजोर तबके को लाभ पहुंचाने वाले हैं उनके बजट जैसे कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, एस.सी.पी., एस.टी.पी., स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी तथा पंचायतों के बजट में आंकड़ों की जादूगरी के सिवा कुछ नहीं किया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया, बजट में पर्यटन, महिला सुरक्षा, नौजवानों के भविष्य की घोर उपेक्षा की गई है। चारधाम यात्रा की मूलभूत सुविधाओं के लिए 10 करोड़ के बजट की घोषणा ऊंट के मुंह में जीरे के समान है वहीं राज्य के मुख्य आय के स्रोत पर्यटन के लिए बजट में नामात्र की घोषणा की गई है। राज्य सरकार के बजट में स्वयं के संसाधनों से 24744 प्राप्ति की अपेक्षा 77407 करोड़ रूपये का बजट प्रस्तुत किया गया है तथा केन्द्र सरकार के बजट की घोषणाओं का ढिंढोरा पीटा गया है। ाज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में कर्ज लेकर घी पीने की कहावत चरितार्थ की गई है। जैसी आशंका थी वह इस बजट में साबित हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार अपने इस बजट में भी कोई ऐसी योजना लागू नहीं कर पाई है जिसको यह सरकार अपनी एक बडी उपलब्धि के रूप में गिनाते हुए समाज के बड़े वर्ग को लाभ पहुंचाने वाली योजना के रूप में प्रचारित कर सके। वित्त मत्री ने अपने बजट भाषण में समाज के कमजोर तबके, बेरोजगार, महिलाओं का ध्यान रखने की बजाय राज्य सरकार के महिमा मण्डन का विशेष ध्यान रखा है। जीरो टॉलिरेंस जैसे भाजपा की राज्य सरकार के वादे उनके अन्य वादों की भांति चुनावी जुमले साबित हुए हैं।

## कार्यालय जिला न्यायाधीश ऊधमसिंहनगर स्थान रूद्रपुर

**सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु जिला न्यायालय परिसर नैनीताल रोड, रूद्रपुर में साईकिल / वाहन स्टैन्ड की नीलामी बन्द निविदा के आधार पर की जानी है। अतः जो भी इच्छुक व्यक्ति उक्त साईकिल / वाहन स्टैन्ड की बन्द निविदा के माध्यम से नीलामी की प्रक्रिया में शामिल होने को इच्छुक हो वो दिनांक 21.03.2023 तक अपराहन 5 बजे तक निविदा फार्म एवं शर्ते न्यायालय के नाजरात कक्ष कमरा नं0 8 से 500.00 रुपये नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। न्यायालय परिसर में साईकिल / वाहन स्टैन्ड से सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी, अन्य आवश्यक सूचना दिनांक 22.03.2023 तक किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित हो कर सेन्ट्रल नाजिर के कार्यालय कमरा नं0 8 से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। साईकिल / वाहन स्टैन्ड सील बन्द निविदा जमा करने कि अन्तिम तिथि दिनांक 22.03.2023 अपराहन 3 बजे तक है। निविदा फार्म के साथ साईकिल /वाहन स्टैन्ड हेतु मुव. 10,000/- का बैंक ड्राफ्ट जो जिला जज ऊधम सिंह नगर के पक्ष में देय होगा एवं आधार कार्ड / फोटो पहचान पत्र / राशन कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा। साईकिल / वाहन स्टैन्ड की निविदा दिनांक 22.03.2023 को सांय 4 बजे सार्वजनिक रूप से न्यायालय परिसर में खोली जायेगी। निविदा खुलते समय निविदाकर्ता को व्यक्गित रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य होगा अन्यथा उसकी निविदा निरस्त समझी जायेगी।

दिनांकः 15.03.2023

**( रजनी शुक्ला )**
प्रभारी अधिकारी नाजरात
जिला जजी ऊधमसिंह नगर

# बाईक चोर को किया गिरफ्तार


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विगत दिवस हवाई जहाज पार्क भोटिया पड़ाव से मोटर साईकिल चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर चुराई गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार नरेंद्र सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी धारचूला पिथौरागढ़ ने 15 मार्च को



कोतवाली में आकर रपट दर्ज कराई कि 14 मार्च को अज्ञात चोरों द्वारा उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 05 सी 8832 को नैनीताल रोड हवाई जहाज पार्क भोटिया पड़ाव के पास से चोरी कर ली गई है। पुलिस नि रपट दर्ज कर मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रकाश पोखरियाल चौकी प्रभारी भोटिया पड़ावके सुपुर्द की गई। घटना के खुलासे के लिए हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित की गई। जिसमें उप निरीक्षक प्रकाश पोखरियाल चौकी प्रभारी भोटिया पड़ाव, कांस्टेबल प्रकाश बडाल द्वारा घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे का अवलोकन किया गया। पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान घटना को अंजाम देने वाले शातिर वाहन चोर अनिल कुमार पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी कुसुमखेड़ा को चोरी की उक्त मोटरसाइकिल सहित 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया।

# अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस चौकी सकैनिया, थाना गदरपुर पुलिस द्वारा बरेली नंबर 2 तिराहे से कुईखेड़ी जाने वाले रास्ते से अभियुक्त करन सिंह निवासी ग्राम कंगनगड़ी थाना मिलक खानम जनपद रामपुर तथा राजेंद्र सिंह निवासी कलकत्ती थाना गदरपुर जनपद उधम सिंह नगर को मोटर साइकिल में एक प्लास्टिक के कट्टे के अंदर एक रबर की ट्यूब में करीब 50 लीटर अवैध कच्ची शराब खाम नाजायज की तस्करी करते हुए धारा 60/72



आबकारी अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गदरपुर में अंतर्गत धारा 60/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,चौकी प्रभारी उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह,कानि0 मोहन बोरा व बलवंत सिंह शामिल थे।

# मशाल जुलूस निकालकर व्यापारियों ने जताया आक्रोश

## प्रशासन अपनी जिद पर अड़ा रहा तो संपूर्ण महानगर के साथ जनपद का बाजार बंद कर दिया जाएगा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रामनगर में प्रस्तावित जी 20 बैठक की आड़ में प्रशासन द्वारा व्यापारियों के किए जा रहे उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलित व्यापारियों ने गत सायं नगर में विशाल मशाल जुलूस निकालकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी रोडवेज के सामने राम मनोहर लोहिया मार्केट के समक्ष पिछले 4 दिनों से चले आ रहे धरना प्रदर्शन स्थल पर एकत्रित हुए। जहां से वह जलती मशाल लेकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा तथा राममनोहर लोहिया मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष आशू ग्रोवर के नेतृत्व में जुलूस की शक्ल में रवाना हुए। मशाल जुलूस धरना स्थल से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार के अनेक मार्गों से होकर गुजरता हुआ भगत सिंह चौक पर समाप्त हुआ। जहां व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि व्यापारी किसी भी हालत में अपना रोजगार छिनने नहीं देंगे। चाहे इसके लिए किसी भी हद तक आंदोलन करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन व्यापारियों के साथ सहयोग करने के स्थान पर निरंतर उपेक्षा कर रहा है। व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभी रुद्रपुर की राममनोहर लोहिया मार्केट, नेहरू मार्केट, विश्वकर्मा मार्केट व सुपर मार्केट बंद है यदि प्रशासन अपनी जिद पर अड़ा रहा तो संपूर्ण महानगर के साथ जनपद का बाजार बंद कर दिया जाएगा और इसके पश्चात व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी आगे की रणनीति निर्धारित करेंगे। राम मनोहर लोहिया मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष आशु ग्रोवर ने कहा कि व्यापारियों द्वारा पिछले कई दशकों से दुकान पर रोजगार कर परिवार का भरण पोषण किया जा रहा है। अब प्रशासन दुकानों को उजाड़ने पर तुला हुआ है। जिसकी हर हाल में रक्षा की जायेगी। इस दौरान इंद्रजीत सिंह, हरीश अरोरा,पवन गाबा, हर्ष रावल, राजू जोशी,श्याम ढींगरा,राजा मदान, अनिल कक्कड़, अजय कक्कड़,हरीश अरोरा, नरेंद्र चावला, प्रशांत,मंगू,विनोद ठुकराल, आशीष मुंजाल, हरजिंदर सिंह,राजू जोशी, सनी कालड़ा, मनीष कालड़ा, राकेश कालरा, हरीश कालड़ा, दीपक मुंजाल, राम सिंह, सुभाष मुंजाल, विनोद श्रीवास्तव,दीपक धींगरा, सोनू श्रीवास्तव, प्रेम नारंग, पप्पू बंसल, शैलेंद्र ग्रोवर,सुमेर सिंह प्रजापति, बलजीत सिंह, बलदेव ग्रोवर, बनारसीदास ठुकराल, बंटू बांगा, राजकुमार बांगा, जसवीर सिंह, अब्दुल रहमान, महेंद्र सिंह,चिरौंजी लाल, प्रवेश सलमानी,



प्यारेलाल मदान, सोहनलाल मदान, देवेंद्र बोरा, केदार प्रसाद, कलीम खान,श्यामसुंदर तिवारी, महेंद्र पाल, भगवानदास, जुल्फीकार, राजीव जलहोत्रा, बृजेश गुप्ता, मोहनलाल, अनिल चौहान, दीपिका बत्रा,सोहेल खान, देवेंद्र सिंह, राधेश्याम गुप्ता, बिट्टू चौधरी ,भोला, विजय कुमार गुप्ता, किशन गुप्ता, गणपत नारंग,राजेंद्र जुनेजा, सुभाष मालाकार,महेंद्र पाल, भगवानदास, भास्कर तिवारी, नरेश पाल आदि सहित एल सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे।

# बायोटेक्नोलॉजी से साकार होगा आत्मनिर्भर भारत का सपना: डा.नेगी

## बायोटेक्नोलॉजी की दो दिवसीय कॉन्क्लेव में युवा वैज्ञानिकों शोधार्थियों एवं किसानों ने विशेषज्ञों से स्थापित किये संवाद

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद् (बायोटेक विभाग), हल्दी में दो दिवसीय द्वितीय बायोटेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें जैवप्रौद्योगिकी में आधुनिक चुनौतियों एवं अवसर, पशु पोशण में जैवप्रौद्योगिकी की उपयोगिता एवं जैवप्रौद्योगिकी में उद्यमिता विकास विशयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही अतिथियों द्वारा विभिन्न कृशि एवं कृषि तकनीकी से संबन्धित स्टॉलों का निरीक्षण किया एवं किसान वैज्ञानिक संवाद के माध्यम से किसानों की समस्याओं के समाधान निकाले गये। बुधवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 ओम प्रकाश सिंह नेगी, निदेशक बायोटेक विभाग डा0 संजय कुमार, कुलसचिव पंतनगर डा0 दीपा विनय, अधिश्ठाता कृशि महाविद्यालय पंतनगर डा0 एस0 के0 कश्यप, प्रबन्ध निदेशक बीसीआईएल दिल्ली डा0 पूर्णिमा शर्मा एवं विभागाध्यक्ष बायोटेनोलोजी भीमताल डा0 वीना पाण्डे आदि ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति डा0 नेगी ने प्रतिभागियों को देश का भविष्य बताया और कहा कि देश में कोविड काल के समय बायोटेक




के वैज्ञानिकों नें जहां देश को वैक्सीन दी, वहीं हाइड्रोपोनिक कृषि तकनीक कृषि के क्षेत्र में नयी क्रान्ति है। उन्होंने वैज्ञानिकों से प्रयोगशालाओं में विकसित की गयी अत्याधुनिक तकनीक को देश के अन्तिम किसान तक पहुचानें की अपील की। परिषद् के निदेशक डा0 संजय कुमार नें अतिथियों का स्वागत संबोधन करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के जैवविविधता के संरक्षण में जैवप्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण है। साथ ही बायोटेक के विभिन्न शोध कार्यों एवं उनकी उपयोगिताओं को विस्तार से बताया। कुलसचिव डा0 दीपा विनय ने प्रतिभागी शोधकर्ताओं से बायोटेक के क्षेत्र में अपने बेहतर भविष्य के लिए उपयोगी अवसरों का लाभ उठाने की अपील की और सफलता के लिए युवाओं को दूरदर्शी होना जरूरी बताया। अधिष्ठाता कृषि डा0 कश्यप नें कहा कि बायोटेकनोलोजी से कोई भी विज्ञान अछूता नहीं है बल्कि इसमें समस्त विज्ञान समाहित हैं और इसका भविष्य उज्ज्वल है। डा0 पूर्णिमा शर्मा नें कहा कि राष्ट्र का उद्यमिता विकास पूर्ण रूप से युवाओं पर निर्भर है। उन्होंने प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बायोटेक मे उद्यमिता की अपार सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला। डा0 वीना पाण्डे नें अतिथियों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, प्रगतिशील किसानों एवं आगन्तुओं का आभार वक्त किया। इस दौरान उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिशद् एवं बीसीआईएल के मध्य तकनीकी हस्तानान्तरण के लिए एमओयू किया गया तथा सुविनियर पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान एवं बीज बचाओ आन्दोलन के प्रणेता विजय जड़धारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिषद् के वैज्ञानिक डा. कंचन कार्की, डा. मणिन्द्र मोहन, डा. सुमित पुरोहित, डा. साक्षी पेन्यूली, बीसीआईएल के डा0 केएस रावत, डा0 आकांक्षा तोमर सहित पंत विवि के डा0 एके शर्मा, डा0 बृजेश सिंह, डा0 मालविका, डा0 आरके शर्मा, डा0 शिव प्रसाद मौर्या, डा0 विद्या सागर, डा0 ज्योति पलोड, डा0 तपन नैनवाल, डा0 नारायण सिहं सहित तीन सौ से अधिक शोधार्थी एवं किसान उपस्थि रहें। परिषद् में हुए चार तकनीकी सत्रों में देश व प्रदेश स्तर के विशेशज्ञो नें बायोटेक के विभिन्न शोध विशयो पर युवाओं एवं प्रगतिशील किसानों को जानकारियां दी। जिसमें डा0 शिव प्रसाद मौर्या, डा0 स्नेहा दोहारे, डा0 सफल बत्रा, डा0 पीयूश कुमार, डा0 सोनू अम्बानी, डा0 अंकुर अग्रवाल, डा0 एलसी चौधरी, डा0 अनिल कुमार, डा0 अंजु काला, डा0 अजीत प्रताप सिंह, डा0 नारायण सिंह आदि रहें। कॉन्क्लेव के दौरान धरा सैल्फ कोआपरेटिव आरोही (एनजीओ), बीज बचाव आन्दोलन, एग्रोनेक्स्ट भू परीक्षण, महिला जागृति स्वंय सहायता समूह, आरोही सतोली पूड़ा नैनीताल, सुन्दरम् स्वयं सहायता समूह जवाहनगर, सितारा स्वंय सहायता समूह जवाहरनगर, ओमसत्या सोलूशन, भानू बायोटेक प्रा0 लि0 दिल्ली, सिस्को रिसर्च लेबोरेट्री प्रा0 लि0, यूनिवर्सल एग्रो प्रोडेक्ट एवं ने प्रतिभाग किया।

# समाज की एकजुटता ही समाज की धरोहर:अनिल गोयल

## अग्रवाल महासभा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अनिल गोयल का प्रथम बार ऊधम सिंह नगर आगमन पर सिटी क्लब में फूल मालाओ और बुके देकर भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल गोयल ने अग्र समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि शीघ्र ही उत्तराखंड में प्रदेश स्तर पर और सभी जिलों में जिला इकाइयां व नगर इकाईयों का गठन किया जायेगा व समाज में काम करने वालों को ही दायित्व दिये जायेंगे।



उन्होने कहा कि अपनी पहचान बनाने के लिए हर कार्य को करते हुऐ अपनी जमीनी स्तर पर पहचान बनायें ताकि जन प्रतिनिधि व प्रशासन के बीच आपकी छवि उनके मन मस्तिष्क में रहे। समाजिक कार्य करते समय हमेशा समाज की प्रतिष्ठा उच्च स्तर पर बनी रहे ऐसा हमेशा प्रयास करें।उनके साथ ही मँच पर शिव कुमार बंसल , विजय भूषण गर्ग ,महेश मित्तल सुषमा अग्रवाल,पी डी अग्रवाल सभी ने भी समाज के बारे में अवगत कराया और समस्त समाज को साथ लेकर चलने एवं संगठन को अनिल गोयल के साथ मिलकर नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने की बात कही। स्वागत करने वालों में प्रदेश महामंत्री शिवकुमार बंसल, अग्रवाल महासभा कुमाऊँ मण्डल अध्यक्ष कैलाश गर्ग, कार्यकारी अध्यक्ष अग्रवाल महासभा कुमाऊँ मण्डल विजय भूषण गर्ग, प्रदेश अध्यक्षा अग्रवाल महासभा सुषमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अग्रवाल महासभा कुमाऊँ मंडल सुशील अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष युवा अग्रवाल महासभा महेश मित्तल, जिला अध्यक्ष अग्रवाल महासभा ऊधम सिंह नगर बलराम अग्रवाल, युवा अध्यक्ष अग्रवाल महासभा कुमाऊँ मण्डल विनीत जैन,के अलावा प्रदीप बंसल, विजय अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल, पी डी अग्रवाल,गोपाल गोयल, घनश्याम अग्रवाल,सचिन अग्रवाल, एडवोकेट नरेन्द्र बंसल, मुकेश गर्ग, सुशील अग्रवाल, गौतम रुँगटा, विष्णु बंसल, विजय श्यामपुरिया,अमन मारवाडी, रचित अग्रवाल, मुकेश गर्ग आदि मौजूद रहे। संचालन नितेश गुप्ता ने किया।














# महान गुरमत एवं संत समागम के उपलक्ष्य में अखंड पाठ शुरू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित कुटिया संत बाबा गोपाल सिंह जी महाराज गुरद्वारे में हर वर्ष आयोजित होने वाले महान गुरमत एवं संत समागम के उपलक्ष में आज प्रातः अखंड पाठ का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर माथा टेका व गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। गौरतलब है कि मुंजाल परिवार की ओर से हर वर्ष कुटिया में महान गुरमत एवं संत समागम का आयोजन 18 मार्च को किया जाता है इस समागम में बड़ी संख्या में संगत जुटती है इस बार भी इस आयोजन के लिए जोरदार तैयारियां कि गयी है समागम के उपलक्ष में आज प्रातः ज्योति प्रज्वलित करके अखंड पाठ का शुभारंभ किया इस दौरान गुरुद्वारे की मुख्य सेवादार अशोक मुंजाल ने बताया कि 18 मार्च को अखंड पाठ का भोग प्रातः 10 बजे पड़ेगा इसके उपरांत भव्य दीवान सजेगा गुरु का लंगर दोपहर 1 बजे से अटूट बरतेगा। इस अवसर पर नानकसर (कुराली)यू.एस. वाले सन्त बाबा बलविंदर सिंह जी,नानकसर बाजपुर वाले बाबा प्रताप सिंह जी , रागी जत्था रुद्रपुर वाले भाई





कुलदीप सिंह जी ,कीर्तनी जत्था पटियाला वाले भाई पवनदीप सिंह जी, कथावाचक रुद्रपुर वाले भाई गुरभेज सिंह जी आदि कहीं सन्त महापुरुष सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देंगे व गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल भी करेंगे।इस दौरान श्री अशोक मुंजाल, आशीष मुंजाल,विक्की मुंजाल ने सभी धर्म प्रेमियों से संत समागम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है। इस अवसर पर अशोक मुंजाल, हरीश मुंजाल, सुरेश मुंजाल,परमानंद मुंजाल ,हरिचंद मुंजाल ,महंगा मुंजाल ,आशीष मुंजाल ,सुषमा मुंजाल,रेनू मुंजाल ,अंजली मुंजाल ,रीमा मुंजाल ,पवन मुंजाल , राम चंद आहूजा ,गौतम आहूजा, शिव कुमार गुम्बर ,सोनू गुम्बर,हरबंस गुम्बर ,नरेश गुलाटी ,अंश गुलाटी,प्रवीण अरोरा ,रुशील अरोरा,सुरेंद्र फुटेला ,विशाल फुटेला,डी के करगेती, मनोज मुंजाल ,मोनू मुंजाल,गुल्लू मुंजाल, किशन सहगल ,बंटी सहगल,सुमित सहगल,जुगनू मुंजाल , दीपक मुंजाल , राम चंद भुड्डी ,गौरव भुड्डी,राज कुमार सीकरी, तनिष्क सीकरी,आशा मुंजाल, गौरव मुंजाल,मनीष मुंजाल,अशोक चोपड़ा,मोहित चोपड़ा,रोशन लाल तागरा,शिवम तागरा, भुवनेश अरोरा, सुधीर वर्मा,वैभव वर्मा,मंगल ग्रोवर,हन्नी ग्रोवर,पार्षद आयुष तनेजा सूरज मुंजाल,विक्की मुंजाल आदि थे।

# सीड एसोसिएशन के सतीश मुंजाल अध्यक्ष,अनिल गगनेजा महामंत्री बने

गदरपुर (उद संवाददाता)।एन एच 74 के प्रतिष्ठित होटल में गदरपुर सीड एसोसिएशन का चुनाव किया गया।जिसमें मनोज डावर, लवली गुड़िया की अध्यक्षता में सर्वसहमति से क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारी सतीश मुंजाल को अध्यक्ष, अनिल गगनेजा को महामंत्री व डिम्पल आहूजा को कोषाध्यक्ष डी लवली हुड़िया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी उन्होंने कहा सीड एसोसिएशन की कमान मजबूत और अनुभवी पदाधिकारियों के हाथ है जिससे एसोसिएशन को मजबूती मिलेगी।इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश मुंजाल ने कहा एसोसिएशन ने जो



बनाया गया इसी क्रम में केवल इशपूजनी को उपाध्यक्ष बनाया गया।चुनाव प्रक्रिया के दौरान क्षेत्र के समस्त सीड व्यवसायी व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया वही मिष्ठान वितरण कर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।वही अनहद ग्रुप के एम जिम्मेदारी उन्हें सौपी है वह पूरी निष्ठा और मेहनत से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। उन्होंने सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद अर्पित किया। इस मौके पर नीटू डाबर, विजय भुड्डी, संजीव अनेजा,गौरव मदान, राकेश भुसरी, गौरव बजाज, चिराग मुंजाल, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान से किए वायदे भूल इंसान भोगता है कष्टः नारायण चैतन्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मां वैष्णो देवी मंदिर, वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (पूजनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के स्थान) आदर्श कालोनी में हो रही श्रीमद् भागवत् कथा के द्वितीय दिन कथा व्यास स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज के कथा सुनाई। स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने कहा कि कि जब तक जीव माता के गर्भ मैं रहता है तब तक वह बाहर निकलने के लिये छटपटाता रहता है। उस समय वह जीव बाहर निकलने के लिये ईश्वर से अनेक प्रकार के वादे करता है उसे ब्रह्म हत्या का पाप लगता है। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी व युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर श्रीमद भागवत पुराण के समक्ष शीश झुकाया। तत्पश्चात उन्होंने कथा व्यास करने का महत्व तभी ही जब हम सभी इस कथा में दिए गए संदेश को अपने जीवन में उतार कर इसका जीवन पर्यंत अनुसरण करें। कथा में हरिचन्द मिड्ढा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, कुन्दन लाल अग्रवाल, मदन लाल कक्कड़, प्रेम





प्रवचनों को सुनने के लिये सैकड़ों श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे और उन्होंने संगीतमय कथा और भजनों का आनंद लिया। कथा व्यास श्री स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने महाभारत का अश्वत्थामा का वृतांत, ध्रुव चरित्र, अजामिल चरित्र व प्रहलाद चरित्र की करता है। मगर जन्म होने के पश्चात सांसारिक मोहमाया में फस कर वह भगवान से किये हुए वादों के भूल जाता है। जिसके कारण मनुष्य जीवन में कष्टों को भोगता है। महाराज जी ने अपने प्रवचनों के बताया कि आज कल इंसान पुत्र प्राप्ति की इच्छा से जो भ्रूण–हत्या स्वामी श्री नारायण चैतन्य जी महाराज एवं माता हंसेश्वरी भारती जी महाराज का माल्यार्पण कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। श्री चुघ ने कहा कि श्री सनातन धर्म से जुड़े परिवारों में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का श्रवण करना सर्वश्रेष्ठ कार्य माना गया है। इस कथा का श्रवण कक्के, अशोक अरोरा, श्याम खुराना, लक्ष्य शर्मा, राजीव ग्रोवर, राजेश आनन्द, चिमन लाल ठुकराल, सतनाम सिंह पप्पू, गौरव गुम्बर व स्त्री सत्संग सभा की महिलाएँ सुनीता अरोरा, पूनम चौहान, पूर्व पार्षद कंचन डीयू, निर्मला आनन्द, आशा अरोरा आदि मौजूद थे।

# खाद्य उपायुक्त ने राशन की दुकानों का किया निरीक्षण

गदरपुर( उद संवाददाता)। कुमाऊ मंडल खाद्य उपायुक्त महोदय एवं जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार द्वारा तहसील क्षेत्र गदरपुर के अंतर्गत गूलर भोज मे एक राशन की दुकान का निरीक्षण किया और दिनेशपुर में दो ,नगर गदरपुर में दो राशन की दुकानों का निरीक्षण किया गया मौके पर राशन वितरण होता पाया गया उनके द्वारा लैपटॉप पाश मशीन वितरण बायोमेट्रिक होते हुए पाया गया उनके साथ क्षेत्रीय पूर्तिनिरीक्षक हरीश चंद्र मौजूद रहे। निरीक्षण पश्चात ऑल इंडिया



फेयर प्राइस डीलर्स फेडरेशन ब्लॉक व तहसील अध्यक्ष गदरपुर निपुण गगनेजा द्वारा कहा गया कि पूरे तहसील क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई भी शिकायत परिलक्षित नहीं होगी स इस मौके पर संरक्षक आनंद अग्रवाल, धीरज सिंह, ललित कुमार, सुशांत कुमार, विभूति हालदार, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दूमड़ा, सुमित कुमार ,विश्वनाथ, सुरजीत कुमार, दिलीप सिंह, वरुण अरोरा, अशोक सुधा आदि डीलर उपस्थित रहे।




# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खाद्य वस्तुओं के दाम

जनजीवन की आम गतिविधियों के ठप या कम होने की वजह से सभी क्षेत्रों में उत्पादन में गिरावट आती है और मांग के अनुपात में आपूर्ति नहीं हो पाने के चलते किसी भी वस्तु की कीमत ऊंची रहती है। लेकिन ऐसे मामले भी छिपे नहीं हैं कि बाजार की संचालक शक्तियां कई बार सामानों की आपूर्ति को मनमाने तरीके से नियंत्रित करके कीमतों को प्रभावित करती हैं। कुछ समय पहले जब बाजार में रोजमर्रा की जरूरत की कुछ चीजों की कीमतों में गिरावट आई थी तब यह उम्मीद जगी थी कि महंगाई के लंबे दौर से लोगों को शायद धीरे-धीरे राहत मिल सकेगी। लेकिन अब एक बार फिर खुदरा महंगाई ने बढ़ोतरी का जो रुख अख्तियार किया है, उससे राहत की उम्मीद एक बार फिर धुंधली पड़ने लगी है। सरकारी आंकड़ों में थोक मुद्रास्फीति दो साल से अधिक समय के निचले स्तर 3.85 फीसद पर आ गई है और थोक महंगाई की दर में भी गिरावट दर्ज हुई है। लेकिन अगर खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े हैं तो आम जनता के लिहाज से महंगाई के प्रभाव को इसी आधार पर देखा जाएगा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं, ईंधन और ऊर्जा के दामों में कमी की वजह से हुई है। हालांकि इसी दौरान खाने-पीने के सामानों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। यों इस साल फरवरी लगातार नौवां महीना है, जब थोक मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन जनवरी में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जो दर 2.38 फीसद थी, वह फरवरी में 3.81 फीसद हो गई। जाहिर है, थोक महंगाई में नरमी के रुख के बावजूद आम लोगों को जरूरी वस्तुओं की कीमतों के स्तर पर न केवल कोई राहत नहीं मिली, बल्कि पहले ही इस समस्या से जूझते लोगों की मुश्किलें और गहरी हुई।दरअसल, खासतौर पर खाने-पीने के सामानों के दामों में बढ़ोतरी का असर मुख्य रूप से इससे जुड़ा होता है कि लोगों की आमदनी कितनी संतोषजनक है और उनकी क्रयशक्ति की सीमा क्या है। अगर वस्तुओं की कीमतों में इजाफे के समांतर लोगों की आय में भी बढ़ोतरी होती है तो इसे एक बोझ के तौर पर नहीं देखा जाता है। करीब तीन साल पहले महामारी की वजह से हुई पूर्णबंदी का बाजार से लेकर कामकाज या रोजगार के सभी क्षेत्रों पर जो असर पड़ा था, उससे अब धीरे-धीरे राहत मिल रही है, लेकिन उसके नतीजे आज भी महसूस किए जा सकते हैं। अब विशेषज्ञों की ओर से जो आशंका जाहिर की जा रही है, अगर वह सच हुई तो आने वाले महीनों में खासतौर पर खाद्य मुद्रास्फीति के मामले में और मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। गौरतलब है कि जलवायु प्रणाली में उथल-पुथल के रूप में अलनीनो के तीव्र प्रभाव से जुड़े जैसे संकेत सामने आ रहे हैं, उसका असर बहुस्तरीय हो सकता है। अगर यह अनुमान के मुताबिक ही आया तो इसके साथ तेज गर्मी, बिजली संकट, गेहूं की फसल, सब्जियों और फलों के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है। फिर अगले कुछ महीने दाल और चना के लिए महत्त्वपूर्ण है और अगर जरूरत भर बारिश नहीं हुई तो उसके चक्र पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा, ऐसे संकट उभरने के दौरान बाजार में जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों की हरकतें छिपी नहीं रही हैं। इसलिए अगर कई तरह की चुनौतियों के बीच सरकार आम लोगों को महंगाई और आय के मोर्चे पर राहत देने के प्रति ईमानदार इच्छाशक्ति रखती है तो उसे खाने-पीने के सामान की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार करना होगा।

# सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास की अवधारणा पर आधारित है बजट

## सीएम धामी ने कहा : बजट खर्च करने के लिए हर महीने का बनेगा कैलेंडर



चमोली(उद ब्यूरो)।ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में आयोजित बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। उन्ह्होंने सदन में 77407.84 करोड़ का नया बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समावेशी और नये उत्तराखंड के संकल्प का बजट पेश किया गया। बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। इसके साथ बजट में कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, ग्रामीण विकास और रोजगार को महत्व दिया गया। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास की अवधारणा पर आधारित यह बजट संतुलित, समावेशी और सभी वर्गों तक पहुंचने वाला है। यह बजट हमारे सशक्त उत्तराखंड 2025 के संकल्प को पूरा करने वाला है। बजट में अवस्थापना विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं कृषि, उद्यान, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और पर्यटन को भी महत्व दिया गया है। बजट में युवाओंकी भी विशेष चिंता की गई है। रोजगार और स्वरोजगार का परिवेश बनाने पर बल दिया गया है। बजट में 50 हजार पॉलीहाउस में 200 करोड़ का प्रावधान किया है। एप्पल मिशन, कीवी मिशन का बजट बढ़ाया गया। बजट का केंद्र बिंदु उत्तराखंड का समग्र विकास है। इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए बजट का निर्माण किया गया है। सीएम ने कहा कि राज्य के विकास के लिए एक स्पष्ट सोच और चिंतन बजट में दिखाई देती है। सरकारी क्षेत्र में सीमित नौकरी है, जिससे बजट में स्वरोजगार और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए प्रावधान किया गया। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सरकार की प्राथमिकता है। उत्तराखंड तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। 77 हजार करोड़ से अधिक का बजट है। इसके साथ ही 4309 करोड़ का सरप्लस बजट वित्तीय प्रबंधन की कुशलता को बताता है। सीएम ने कहा कि जोशीमठ को नये स्वरूप में खड़ा करना सरकार का संकल्प है। बजट में आपदा प्रभावितों के लिए 1000 करोड़ का प्रावधान किया है। केंद्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बजट समय पर खर्च करने के लिए हर महीने का कैलेंडर बनाया जाएगा। नया वित्त वर्ष शुरू होने पर अप्रैल में बजट व्यय को लेकर बड़ी बैठक बुलाई जाएगी। सदन में बजट पेश होने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट खर्च करने के लिए समय सीमा तय होगी। इसके लिए हर महीने का कैलेंडर बनाया जाएगा। इसमें राजस्व प्राप्तियां और खर्च की समीक्षा की जा सकेगी। गौरतलब है कि साल दर साल राज्य के बजट का आकार बढ़कर 77407.08 करोड़ तक पहुंच गया है। लेकिन इसके साथ राज्य पर कर्ज का बोझ भी बढ़ रहा है। यह विचित्र संयोग है कि जब आगामी वित्तीय वर्ष समाप्ति पर होगा तो राज्य पर 77 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज हो चुका होगा। यानी यह बुधवार को पेश हुए बजट के तकरीबन बराबर होगा। सदन पटल पर पेश सरकार के वार्षिक वित्तीय विवरण से यह खुलासा हुआ है। 31 मार्च 2023 तक राज्य पर कर्ज 68844 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है। राज्य सरकार ने सशक्त उत्तराखंड का संकल्प लिया है। इस संकल्प के लिए जो उसने लक्ष्य तय किए हैं, उनकी बजट में झलक दिखाई भी दी है। लेकिन उद्योगपतियों, व्यापारियों से लेकर समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्तियों, किसान, युवा, महिलाओं के विकास से जुड़ी प्राथमिकताओं को पूरा करने लिए सरकार को एक बड़ी पूंजी की आवश्यकता है। सदन में पेश हुए बजट पर जब गौर करते हैं तो यह सिर्फ इस रूप में अनूठा है कि पहली बार सरकार लक्ष्य आधारित विकास की ओर बढ़ रही है। पर्यटन राज्य में मानव संसाधन विकास, सेवा क्षेत्र को विस्तार देने वाले निवेश और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में सड़क, रोपवे और हवाई कनेक्टिविटी पर सरकार का खास फोकस है। लेकिन इस लक्ष्य साधने के लिए उसे केंद्र से 20893 करोड़ रुपये की दरकार है। राजस्व और पूंजीगत खर्चों को पूरा करने के लिए सरकार करीब 19460 करोड़ रुपये कर्ज लेगी। इसमें लोक ऋण का हिस्सा 18 हजार करोड़ से अधिक का है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती कर्मचारियों और पेंशनरों के वेतन-भत्तों व पेंशन के लिए धनराशि जुटाने की है। एक साल में अकेले वेतन पर ही 18 हजार करोड़ और पेंशन पर 7601 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यानी सरकार को 26 हजार करोड़ से अधिक राशि इन मदों के लिए जुटानी होगी। सरकार की आमदनी में से 11,525 करोड़ रुपये पुराने कर्ज की किस्त लौटाने और 6166 करोड़ वर्षों से लगातार लिए जा रहे कर्ज का ब्याज चुकाने पर खर्च करने होंगे।

## अंतरराष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में मंगत राम ने जीता सिल्वर मेडल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 10 मार्च से 13 मार्च तक काठमांडू नेपाल में आयोजित ओपन अंतरराष्ट्रीय एफस्ट्रेंथ लिफ्टिंग एंड इंकलीन बेंचप्रेस प्रतियोगिता में हल्द्वानी के मगत राम गुप्ता ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। मंगत राम गुप्ता ने अपने वर्ग में कुल 30 खिलाड़ियों के साथ प्रतिभाग किया था। मंगत राम गुप्ता



इससे पूर्व कई बार वेटलिफ्टिंग में यूपी चौंपियनशिप और राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुके हैं। बचपन से ही स्पोर्ट्स के प्रति लगाव के चलते उत्तराखंड कराटे ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ,उत्तराखंड पावर लिफ्टिंग संघ और हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में वेटलिफ्टिंग कोच की सेवाए दे चुके हैं। मंगत राम गुप्ता ने बताया आज यह मुकाम अपने सीमित संसाधनों के बीच हासिल किया है। क्योंकि बचपन से ही उनके कंधों में अपने मां बाप व भाईयो की जिम्मेदारी पड़ गई थी। लेकिन उन्होंने स्पोर्ट्स के मामले में कोई समझौता नहीं किया। जिसका परिणाम यह है कि 77 वर्ष की आयु में भी खेल के प्रति जुड़ाव है। मंगत राम गुप्ता के सिल्वर मेडल जीतने पर पूर्व सांसद व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी केसी सिंह बाबा, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, विधायक सुमित ह्रदेश, मेयर जोगेंद्र रोतेला, पूर्व विधायक नारायण पाल, पावर लिफ्टर राजीव चौधरी, पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक अध्यश बलवंत चुफाल, डा0 अनिल कपूर डब्बू, व्यापार मंडल के बाबूलाल गुप्ता, हुकुम सिंह कुंवर, डा. धर्म यादव, सुभाष मोंगा, राजेन्द्र फर्सवान, राजीव अग्रवाल, ललित मोहन नेगी, प्रदीप सबरवाल, रमेश फर्सवान, जय सिंह, सुरेंद्र राणा, सुदेश कुमार आदि ने बधाई दी है।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान पर व्याख्यान आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ नैनीताल में जी 20 के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत अभियान पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. एचएस नगाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र चन्द्रशेखर रावत ने इस अभियान की जानकारी अत्यन्त प्रभावपूर्ण शब्दों में दी। बीए द्वितीय सेमेस्टर की छाला उर्मिला आर्या द्वारा आत्मनिर्भर, भारत



अभियान पर ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य द्वारा आत्म- निर्भर भारत अभियान के विभिन्न चरणों की जानकारी छात्रों को दी गई। जी 20 कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. माया शुक्ला, प्रो. मनीषा तिवारी, श्रीमती नीमा पंत, डॉ. राजेश कुमार ने इस अभियान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रों को इन वक्ताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के लक्ष्य, उद्देश्यों एवं आवश्यकता पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग, समाजशास्त्र विभाग एवं राजनीति शास्त्र विभाग ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजयलक्ष्मी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अक्षय, आरपी शाह एवं कुन्दन नाथ आदि उपस्थित रहे।

## प्रावि छत्तरपुर के बच्चे हुए पुरस्कृत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।प्राथमिक विद्यालय छत्तरपुर के बच्चों ने रुद्रपुर में आयोजित विकासखंड स्तरीय सपनो की उड़ान प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया तथा तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम एवम अन्य प्रतियोगिताओं में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। पंद्रह बच्चो को मेडल तथा ट्राफी प्राप्त होने पर ग्राम प्रधान हरीश भट्ट ने विद्यालय पहुंचकर इन बच्चो को सम्मानित किया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब से प्रधानाध्यापिका इस विद्यालय में आई हैं तब से यह प्राथमिक विद्यालय निरंतर उचाइयो पर पहुंच रहा है तथा बच्चे लगातार



प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीत कर ला रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बड़े गर्व की बात है इससे पहले भी श्रीमती गायत्री पांडे के प्रयासों से बच्चे अनेकों पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं तथा हाल ही में दिसंबर माह में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर इन बच्चो ने अपने गांव तथा जिले का नाम रौशन किया। बच्चो के अभिभावकों ने भी प्रधानाध्यापिका के शिक्षा में नवाचारी प्रयोगों की भूरी- भूरी प्रशंसा कर उनको शुभ कामनाएं दी। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि सभी बच्चो में कोई न कोई प्रतिभा छिपी रहती है उन प्रतिभाओं को उभारने की कोशिश में वह हमेशा लगी रहती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे, शिक्षक तथा अभिभावक उपस्थित थे।

## थाल सेवा में बंटी सोलह लाखवीं थाली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थाल सेवा में आज सोलह लाखवीं थाली का वितरण हल्द्वानी पुलिस उपाधीक्षक भूपेंद्र सिंह धोनी ने किया।टीम थालसेवा, सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पास पिछले साढ़े चार सालो से जरूरतमंदों को पांच रुपए में भोजन थाल उपलब्ध करवाती है। टीम के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश मानसेरा ने बताया कि बिना किसी अवकाश के आज सोलह लाख थाली के लक्ष्य को पूरा किया है। इस अवसर पर टीम थाल सेवा के राजीव वाही,संजय बग्गा, राजीव बग्गा,अदनान, सरयू प्रसाद, प्रकाश, दीपक, दिनेश आर्य, महेंद्र, नवनीत राणा आदि मौजूद रहे। आज 1365 लोगो को भोजन करवाया गया।



## आरोग्य एवं परामर्श शिविर में मरीजों की हुई जांच

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नेचुरोपैथी आर्गनाइजेशन व सूर्या फाउन्डेशन एवं नैशनल इंस्टीयूट आफ नैचरोपैथी द्वारा निरामय योग फिजीयोथैरेपी एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र ताकुला रोड गोमती पुल में निशुल्क नेचरोपैथी आरोग्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी दुर्गा प्रसाद एवं मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह व डिप्टी सीएमओ हरीश पोखरिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।संस्थान केन्द्र के संस्थापक रविंद्र कोहली ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया, शिविर में पेट दर्द, कब्ज, गैस, कमर दर्द, बवासीर, बांझपन, तनाव, अनिद्रा, सिरदर्द, रसौली, अनियमित महावारी आदि बीमारियों के मरीजों का उपचार प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा किया गया। इस दौरान सुरेश कुकरेती, कुंवर राम, कांग्रेस नेत्री सुनीता टम्टा ,पवन कुमार,एवं निरामय केन्द्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए अनशन पर बैठे कांग्रेसी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अल्मोडा मेडिकल कालेज के प्राचार्य के कक्ष के सामने आमरण अनशन प्रारम्भ किया जिसमें सैकडों की संख्या में जनता ने भागीदारी सुनिश्चित की। श्री कर्नाटक ने बताया कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु सरकार तथा विभाग को कई ज्ञापन प्रेशित किये गये किन्तु मेडिकल कालेज में तक व्यवस्थायें दुरूस्त नहीं की गयी हैं। पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न होने के कारण गम्भीर बीमार व्यक्ति को मैदानी क्षेत्र के चिकित्सालयों में ले जाना पड़ता है। कई बार गम्भीर रोगियों को समय पर उपचार न मिलने के कारण रास्ते में उनकी मृत्यु हो गयी है उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज में आपरेशन थियेटर ,आईसीयू , एन.आई.सी.यू. को प्रारम्भ नहीं किया गया है साथ ही एम.आर.आई. ईको जांच ,आक्सीजन प्लांट का लाभ नहीं मिल रहा है न ही चिकित्सा के पर्याप्त उपकरण उपलब्ध हैं। इन्हीं मांगों के निराकरण हेतु उनके द्वारा पर्वतीय जनपदों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के हित में इस



आमरण अनशन को प्रारम्भ किया गया है श्री कर्नाटक ने बताया कि प्राचार्य मेडिकल कालेज के आग्रह पर उनसे उपरोक्त बिन्दुओं पर गहन चर्चा हुई जिसमें उनके द्वारा सकारात्मक रूख अपनाया गया और आश्वासन दिया गया कि यथाशीघ्र सभी मांगों को पूर्ण किया जायेगा तथा इस आमरण अनशन को समाप्त करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने प्राचार्य मेडिकल कालेज से मांग की कि उक्त बिन्दुओं पर लिखित समझौता किया जाय तथा मांगें पूर्ण किये जाने की तिथि निश्चित की जाय। प्राचार्य मेडिकल कालेज द्वारा उक्त सभी मांगों का निराकरण मई 2023 के प्रथम सप्ताह तक कर लिये जाने का लिखित पत्र श्री बिट्टू कर्नाटक को सौंपा। श्री कर्नाटक की सन्तुष्टि उपरान्त उन्हें जूस पीलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त करवाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी,ग्राम प्रधान सहित प्रमुख रूप से नूर खान,भारत भूषण,राकेश बिष्ट,दीपक पोखरिया,सुरेन्द्र कार्की,खजान काण्डपाल,असलम खान,उमेश रैक्वाल,पंकज मेहता,हिमांशु कनवाल,पंकज कनवाल,राहुल कनवाल,करिश्मा तिवारी,एन.सी. जोशी,अंशु पवार, रवि बिष्ट, राजेन्द्र नेगी, विक्की,दीपक जीना, अभिषेक कनवाल,जगदीश आर्या,केवल प्रसाद,भूपेन्द्र भोजक,अमर बोरा,अजय बिष्ट,रोहित शैली,गौरव अवस्थी,आदि थे। कार्यक्रम का संचालन गोपाल सिंह चम्याल लोक कलाकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया गया।

# भाजपाईयों ने निकाली आभार रैली

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार द्वारा नकल विरोधी कानून बनाये जाने और लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग के लिए धनराशि स्वीकृत करने पर भाजपा नगर मण्डल ने आभार रैली निकालकर सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। साथ ही आम जनमानस को संदेश दिया कि भले ही चुनाव परिणाम कुछ भी आया हो नगर के विकास का पहिया रुकने नही दिया जायेगा। इस दौरान विधायक राजेश शुक्ला का भी आभार प्रकट किया गया। आभार रैली के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सैना ने कहा कि भाजपा सरकार विकास



के लिए बचनबद्ध है। अभी नगर के लिए अभिशाप बनी लेफ्ट पहा नहर का सौंदरीकरण कर नगर को खूबसूरत बनाया जायेगा। मुख्य मंत्री पुस्कर धामी द्वार नकल विरोधी कानून बनाकर परिश्रम करने वाले छात्रों को और राज्य की जनता को एक सौगात दी है। रैली में युवाओं के साथ ही महिला मोर्चा की कार्यकत्रियों ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की। इस अवसर पर मुख्य रूप से महेंद्र पाल,रामावतार, विवेक राय, मुकेश कोली,बिमला मंडेला, आरती दुबे,धनीराम,राजकुमार रज्जी, प्रकाश पंत, राजीव सक्सेना, राकेश गुप्ता,नितेश वाला, हीरा सरकार, धर्म राज जायसवाल, पुरन भट्ट,गिरीश वर्मा,अंशुल, चन्दन जायसवाल आदि लोग मौजूद थे।

# बजट ने आम जनता को किया निराश: शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकारी महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने उत्तराखण्ड सरकार के बजट को दिशाहीन और महंगाई बढ़ाने वाला बजट करार दिया है। प्रेस को जारी बयान में महानगर कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने निराशा जनक बजट पेश कर जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बजट में मात्र कोरी घोषणाओं का अंबार है, उन्हें पूरा करने के लिए पैसा कहां से आएगा, इसका कोई उल्लेख नहीं है। बजट में नए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कोरी घोषणाएं मात्र हैं। यह बजट प्रदेश को कर्ज की ओर धकेलने वाला है। इससे महंगाई बेरोजगारी के साथ ही पलायन भी बढ़ेगा। उद्योग विभाग को 461करोड़ का जो बजट मिला है उसके सापेक्ष यह चिंतन करने की जरूरत है कि उद्योग लगने के बाद प्रदेश के युवा कितना लाभान्वित हुए? उनको रोजगार कितना मिला? जो उद्योग यहां इन्वेस्ट कर रहे हैं उनको प्रदेश सरकार की ओर से क्या सुविधाएं दी जा रही हैं और बदले में वह प्रदेश के युवाओं को कितना रोजगार दे रहे हैं यह मायने रखता है? यदि इन उद्योगों से प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिल रहा होता तो प्रदेश का युवा आज सड़कों पर ना होता। बजट से इतना ही पता चलता है कि राज्य सरकार ने राजस्व वृद्धि की दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाया है। उत्तराखंड राज्य खनन और आबकारी से हो रही आमदनी पर ही निर्भर है। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का बजट आंकड़ों के मकड़जाल के अलावा और कुछ नहीं है। केंद्र पोषित योजनाओं के सहारे राज्य चल रहा है यदि उनको हटा दिया जाए तो राज्य के पास अपनी कोई कारगर योजना नहीं है जिससे उत्तराखंड का विकास हो सके। ना ही इस बजट में महिलाओं के लिए ना ही युवाओं के लिए न ही प्रदेश के किसान मजदूर और व्यापारियों के लिए कुछ भी हितकर है। धामी की सरकार का यह बजट उत्तराखण्ड को गर्त में ले जाने वाला साबित होगा।

# बजट में किसानों की उपेक्षा: पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय राहुल गांधी प्रदेश के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने राज्य सरकार के बजट को निराशाजनक बताया।पपनेजा ने कहा कि बजट में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी को नियंत्रित करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है व किसानों की पूरी तरह से उपेक्षा की गई है गन्ने की फसल के मूल्य को बढ़ाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया और न ही गेहूं की फसल पर किसी प्रकार का कोई बोनस उत्तराखंड के इस बजट में दिया गया है।पपनेजा ने कहा



कि डीजल, पेट्रोल व गैस की आसमान छूती कीमतों व किसानों की खाद व कीटनाशक दवाइयों के मूल्यों को भी नियंत्रित करने का कोई उपाय नहीं किया गया है।

# प्रस्तुत बजट निराशाजनक: मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने उत्तराखण्ड राज्य सरकार के बजट को निराशाजनक एवं जनविरोधी कघ्रार देते हुए कहा कि बजट में युवाओ, किसानों एव आम आदमी का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया है। वहीं शिक्षा, स्वास्थ, पर भी कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। जनता महँगाई और अन्य समस्याओं से कराह रही है। उस पर यह बजट घाव पर मरहम की जगह नमक का काम करेगा।श्री सिद्दीकघ्ी ने कहा कि उत्तराखंड की आर्थिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए जनहित का बजट आना चाहिये था। लेकिन उत्तराखंड की जनता को इस बजट में भी निराशा ही हाथ लगी है।

# चुटकी देवरिया में 61लाख से बनेगा गोल्ज्यू का मंदिर

किच्छा(उद संवाददाता)। ग्राम चुटकी देवरिया में 61लाख रुपए की लागत से बनने वाले गोल्ज्यु मंदिर मार्ग का निर्माण किया जाएगा।इसके लिए राज्य योजना के अंतर्गत वित्तीय अनुमति मिल गई है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने बताया कि मल्ली देवरिया स्थिति गोलज्यू मंदिर को जाने वाला लगभग डेढ़ किलोमीटर मार्ग छती ग्रस्त हो गया था जिस वजह से भक्तो एवम ग्रामीणों को



आने जाने मे कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।जनता की मांग पर सड़क के निर्माण का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था,जिसे मंजूरी मिल गई है तथा राज योजना के तहत मार्ग का शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

# पेज एक का शेष...

**दुकानें बचाने को ...**अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि आंदोलन के तहत कल 17 मार्च को प्रात: 11 बजे से व्यापारी धरना स्थल के समक्ष पांच सौ फीट लंबे काले झंडे के साथ प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन लिखने के लिए खून देने वालों में आशू ग्रोवर, संजय जुनेजा, सोहन लाल, सुरेंद्र तनेजा, कुसुम भाकुनी, कविता भाकुनी, रवि गुलाटी, राजकुमार बांगा, बनारसी दास ठुकराल, संजय, शैलेंद्र ग्रोवर, विनोद ठुकराल, अनिल कक्कड़, श्याम धींगरा, सूरज अनेजा, अनिल बांगा, संजीव मदान, हरजिंदर सिंह, अमरदीप सिंह, जसवीर सिंह, कुलदीप सिंह, लखवीर सिंह, राम सिंह व अजय मंडल सहित तमाम व्यापारी शामिल थे। इस दौरान व्यापारी प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी करते रहे। धरना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

**ईलाज से पहले ...**के नेताओं की उनसे भी नोंक झोंक हो गयी। जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर कोतवाल विक्रम राठौर और एसएसआई कमाल हसन टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने छात्र संघ के नेताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें रुद्रपुर कोतवाली ले आए। जिसकी सूचना मिलने के बाद कुछ संभ्रांत लोग कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने चारों को पुलिस एक्ट के तहत चालान करने के बाद छोड़ दिया।

**युवती सहित पांच...**चार दांत तोड़ दिए। आरोपितों ने बेटे को धमकाया कि यदि यह बात मां को बताई तो वह उसकी जीभ काट देंगे। आरोप है कि पांचों ने मिलकर उसका गुप्तांग भी काट दिया। इनमें से नेहा ने घर की तलाशी ली व जेवरात के बारे में पूछा। 14 मार्च को बेटे ने पूरी जानकारीदी। इंस्पेक्टर होशियार सिंह ने बताया कि पीड़ित से मेडिकल करवाने के लिए कहा गया है। अभी उन्होंने रिपोर्ट नहीं दी है। फिलहाल तहरीर के आधार पर पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित युवक नशे का आदी है, इसलिए वह अभी अपने बयान सही ढंग से नहीं दे पा रहा है।

**दहेजलोभियों ने विवाहिता..**को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि मायके में रहते हुए एक दिन ससुराल वालों ने उसकी बच्ची को जबरदस्ती छीन लिया और साथ ले गए। इसके बाद 2022 की 25 नवंबर को पीड़िता जब मायके में थी इसी दौरान उपरोक्त चारों आरोपी अचानक उसके घर आ धमके तथा दहेज की खातिर बुरी तरह मारपीट की। शोर-शराबा होने पर मौके पर भीड़ जमा हो गई इस दौरान उपरोक्त चारों आरोपी मुंह खोलने के बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त चारों आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**भाजपाईयों ने निकाली...**की दशा में जेल के साथ ही जुर्माना देना होगा। नकल माफियाओं की संपत्ति सरकार की निहित का भी प्रावधान रखा गया है। वक्ताओं ने कहा कि अब किसी की हिम्मत नहीं होगी कि वह नकल के बारे में भी सोचे इसके अलावा भी कानून में कई प्रावधान नकल रोकने के लिए बनाए गए हैं। रैली में दर्जनों की तादाद में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

**सदन के बाहर...**बड़ी कार्रवाई की है। 60 से अधिक आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। साथ ही कई आरोपियों की संपत्ति भी जब्त की गई। सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया।

# राजभवन में रखे मधुमक्खियों के बक्सों से शहद निकाला

देहरादून (उद संवाददाता)।बुधवार को राजभवन में रखे गए मधुमक्खियों के बक्सों से शहद निकाला गया। इस वर्ष प्रथम चरण में 8 बक्सों से लगभग 41 किलोग्राम शहद प्राप्त हुआ। यह बॉक्स पुष्प प्रदर्शनी के दौरान राजभवन में लगाए गए थे। राजभवन में मेलीफेरा प्रजाति की मधुमक्खियां रखी



गई है। उल्लेखनीय है कि राजभवन में उत्पादित शहद राज्यपाल द्वारा प्रतिवर्ष देशभर के अतिविशिष्ट महानुभावों को उत्तराखण्ड की ओर से उपहार स्वरूप भेंट किया जाता है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हनी बी प्रोसेसिंग(शहद निकालने की प्रक्रिया) का अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मौन पालन राज्य में लोगों को आर्थिक समृद्ध बनाने में सहायक होगा। आने वाले समय में उत्तराखण्ड, शहद में उत्पादित शहद विश्व भर में एक अलग पहचान बनाएगा। यहां के शहद की एक अलग ब्रांड स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण का केंद्र होने के साथ-साथ यहां पर मधुमक्खी पालन को भी ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि भूमि कम है तथा जोते छोटी है। यहां पर मधुमक्खी पालन का व्यवसाय लोगों के लिए बेहद लाभकारी होगा। मधुमक्खी पालन छोटे किसान तथा भूमिहीन लोग भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति ने औषधीय पौधों, एरोमेटिक पौधों, जैविक तथा प्राकृतिक खेती के रूप में अमूल्य उपहार दिये है। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, उद्यान अधिकारी दीपक पुरोहित, नेशनल बी बोर्ड सदस्य अजय सैनी आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता को लेकर दिये निर्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने कलेक्ट्रेट में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि कूड़े का सोर्स सेग्रीगेशन को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के सभी गांवों में यह व्यवस्था की जाए कि प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करने तथा मुख्य मार्ग तक लाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की रहे तथा उस प्लास्टिक कचरे को वहां से लाने की जिम्मेदारी जिला पंचायत की रहे। इसके लिए उन्होंने जल्द से जल्द ग्राम पंचायतों का तिथिवार रूट प्लान तैयार कर जिला पंचायत को देने के निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रधानों को रूट प्लान के बारे में अवगत किया जाए। इस दौरान नगरीय क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए की जा रही व्यवस्था की भी समीक्षा की तथा प्रारंभिक स्तर पर दो वार्डों में सौ प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी केएन तिवारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंकिता हत्याकांड के आरोपी सौरभ भास्कर की जमानत याचिका खारिज

पौड़ी। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड के एक आरोपी सौरभ भास्कर की जमानत याचिका पर आज कोटद्वार एडीजे कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सौरभ भास्कर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। वहीं, नियमित केस में तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ और अंकित गुप्ता पर आरोप तय करने की तिथि यथावत 18 मार्च रखी गई है। आरोप तय होने के बाद सत्र परीक्षण शुरू हो जाएगा। बता दें कि 18 सितंबर की रात को वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने राजस्व पुलिस चौकी में अपनी कर्मचारी अंकिता भंडारी के गुमशुदा होने की शिकायत दी थी। करीब तीन दिनों तक इस मामले की ढिलाई से जांच की गई। इसके बाद शासन के निर्देश पर मामले को रेगुलर पुलिस के हवाले कर दिया गया।पुलिस ने पुलकित आर्य, मैनेजर सौरभ भास्कर और अंकित से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने सारी बात उगल दी। पता चला कि पुलकित और अंकिता के बीच झगड़ा हुआ था। ऋषिकेश से लौटते वक्त अंकिता और पुलकित के बीच नहर किनारे फिर से विवाद हुआ और इस बीच पुलकित ने अंकिता को नहर में धक्का दे दिया था। पुलिस ने इस मामले में 22 सितंबर को पुलकित, अंकित और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया था।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गदरपुर सीड्स एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को अनहद ग्रुप एवं एसोसिएशन के समस्त सदस्यों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




**सतीश मुंजाल**
अध्यक्ष
साईं एग्रो सीड्स
मो.9837071275



**अनिल गगनेजा**
महामंत्री
तराई एग्रो सीड्स
मो. 9837092698



**डिंपल आहूजा**
कोषाध्यक्ष
आहूजा सीड्स
मो.9837000098



**केवल कृष्ण ईशपुजानी**
उपाध्यक्ष
श्री दुर्गा सीड्स
मो.9837016110, 8218806064

Anhad
GROUP OF INDUSTRIES



## लवली हुड़िया
मैनेजिंग डायरेक्टर
अनहद ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज
गदरपुर,मो.9837041111